**2.** **उद्धरण चिह्न का प्रयोग :**

जहाँ किसी पुस्तक से कोई वाक्य ज्यों-का-त्यों उद्धृत किया जाय वहाँ दुहरे उद्धरण चिह्न (“ ”) एवं जहाँ कोई विशेष शब्द एवं पुस्तक, समाचार पत्र, लेखक का उपनाम, शीर्षक इत्यादि उद्धृत किया जाय वहाँ इकहरे उद्धरण चिह्न (‘ ’) का प्रयोग होता है। जैसे –

“जीवन विश्व की संपत्ति है।” – जयशंकर प्रसाद

‘कामायनी’ की कथा संक्षेप में लिखिए।

‘निराला’ पागल नहीं थे।

‘हिन्दुस्तान’ एक हिन्दी दैनिक पत्र है।

**3.** **रेखाचित्र –** जब किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, घटना, दृश्य आदि का इस प्रकार वर्णन किया जाय कि पाठक के मन पर उसका हू-ब-हू चित्र बन जाये तो उसे रेखाचित्र कहते हैं। यथा ‘बालगोबिन भगत’ एवं ‘सोना’।

## व्याकरण

1. इस पाठ में प्रयुक्त वैसे शब्दों का चयन कीजिए जो योजक चिह्न से जुड़े हों एवं उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

2 . इस पाठ में आए क्रियाविशेषण छाँट कर लिखिए।

## गतिविधि

1. किसी ख़ास प्रयोजन / ख़ास मौसम पर गाए जाने वाले गीत को ढूँढ़िए एवं कक्षा में सुनाइए।
2. इस पाठ में आषाढ़, भादो, कातिक, फागुन एवं माघ विक्रम संवत् कैलेंडर के मासों के नाम है। शेष बचे मासों के नाम क्रम से लिखिए।